Bharat Temples

# आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार

आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार
मिलकर आज सजाया तेरा
सुंदर ये दरबार
आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार

कीर्तन की है रात सजाई,
पावन तेरी ज्योति जगाई,
पूरी कर दे आस हमारी,
देकर अब दीदार ,
आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार ,

तेरे दीवाने नाचे गाए ,
रज रज तेरा शुक्र मनाए,
दे दो सहारा अब तो आकर,
सांवरे लखदातार ,
आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार,

रंग तेरी भक्ति का छाया,
भक्तों ने है तुझे बुलाया,
हम सेवक है तेरे तू है,
सबका पालनहार ,

आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार,

चारों तरफ तेरा जयकारा ,
गूंज रहा है ये जग सारा
शर्मा तेरा दास पुराना,
सूर्यवंशी है तेरा दीवाना,
सांवरिया सरकार ,
आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार,
मिलकर आज सजाया तेरा,
सुंदर ये दरबार ,
आ जाओ एक बार मेरे श्याम सलोने यार ,

Source: https://www.bharattemples.com/aa-jao-ek-baar-mere-shyam-salone-yaar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw